NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 106/NCRES/19

Date : 07.04.2019

श्रीमान महाप्रबन्धक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषय :– नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में टिकट चेकिग स्टाफ की बेहद कमी – रिक्तियों को GDCE के माध्यम से भरने हेतु।

संदर्भ :– (i) रेलवे बोर्ड पत्र संख्या E(NG)II/2018/RR-1/31 दिनांक 12.12.2018
(ii) NCRES की पी.एन.एम. मद संख्या 23/11/2018

महोदय,

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में नई ट्रेनो के संचालन में नये पदों का सृजन न होने एवं पूर्व की तमाम रिक्तियों के न भरे जाने के कारण वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग कैडर में बहुत रिक्तियां है जिसके कारण रेलवे राजस्व की हानि के साथ–साथ, यात्री सुविधा और कर्मचारी प्रभावित हो रहे है।

उपरोक्त स्थिति के कारण रेलवे बोर्ड ने संदर्भित पत्र दिनांक 12.12.2018 के द्वारा टिकट चेकिंग कैडर की सभी रिक्तियों को भरे जाने का आदेश सभी जोनो को जारी किया है और NCRES ने भी अपने पी.एन.एम. मद संख्या 23/11/2018 में नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के टिकट चेकिंग कैडर की रिक्तियों को GDCE के माध्यम से जल्द भरने के लिये मांग किया है लेकिन खेद का विषय है कि रिक्तियों के भरने के लिये अभी तक कोई प्रभावी कार्यवाही नही हो पायी है।

यहां यह भी स्पष्ट करना है कि रेलवे बोर्ड के आदेशानुसार महाप्रबंधक के अनुमोदन से सीधी भर्ती कोटे की 50 प्रतिशत रिक्तियां GDCE के माध्यम से भरी जा सकती है।

अतः NCRES का अनुरोध है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में टिकट चेकिग कैडर की 50% रिक्तियां GDCE के माध्यम से भरने हेतु अपना अनुमोदन प्रदान करने की कृपा करें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपिः– प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद